भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4029

जिसका उत्तर 28 मार्च, 2022/7 चैत्र, 1944 (शक) को दिया गया

बैंक लॉकरों से चोरी

4029. श्री गोपाल शेट्टी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीयकृत बैंकों की विभिन्न शाखाओं के लॉकरों से धन और आभूषणों की डकैती/चोरी के मामलों में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो ऐसी घटनाओं का वर्ष/बैंक-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इनमें से प्रत्येक मामले में जांच की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इन मामलों में बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों की मिलीभगत की सूचना मिली है; और

(ड.) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कार्रवाई की गई है अथवा की जा रही है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

(क) से (ड.): जी, नहीं। राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं में लॉकरों से डकैती तथा चोरी के मामलों की संख्या जो वित्तीय वर्ष 2018-19 में दी गई सूचना के अनुसार पांच थी, वित्तीय वर्ष 2019-20, वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 (31.12.2021 तक) दी गई सूचना के अनुसार कम होकर एक-एक हो गई है।

राष्ट्रीयकृत बैंकों ने सूचित किया है कि उक्त सभी मामलों में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई थी और मामले की जांच की गई थी। इस अवधि के दौरान दो मामलों में बैंक कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई थी और बैंक द्वारा कर्मचारी उत्तरदायित्व संबंधी मौजूदा नीतिगत दिशानिर्देशों के अनुसार कार्रवाई की गई थी।

*****